तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 5 जुलाई 2025

11 तेंदूपत्ता संग्राहकों के सम्मान में चरण पादुका वितरण



12 करकरा का पटेल परिवार चार साल से बेघर पीएम...



[ राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर ]






## खबर संक्षेप

### प्राकृतिक आपदा में 4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**गरियाबंद।** कलेक्टर बीएस उइके ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के एक प्रकरण में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक के परिजन को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छुरा तहसील के ग्राम द्वारतरा निवासी 06 वर्षीय साक्षी सिन्हा की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतिका के निकटतम परिजन कुमारी बाई सिन्हा को 04 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### बरभाठा में 20 अगस्त को होगी जन सुनवाई

**गरियाबंद।** भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अधिसूचना 14 सितम्बर 2006 के प्रावधान अनुसार लोक जन सुनवाई अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में किया जायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह जन सुनवाई 20 अगस्त 2025 को दोपहर 12 बजे राजिम तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन बरभाठा में किया जाएगा।

## विडंबना : बच्चे अब पढ़ाई के बजाय सफाई का जिम्मा संभालते आ रहे नजर

# सफाईकर्मी हड़ताल पर, स्कूली बच्चे कर रहे स्कूल की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर से एक बेहद चिंताजनक तस्वीर सामने आई है, जहां छोटे-छोटे स्कूली बच्चे अपनी पढ़ाई छोड़कर झाड़ू थामे स्कूल परिसर की सफाई करते नजर आ रहे हैं। यह स्थिति सफाईकर्मियों की हड़ताल के कारण उत्पन्न हुई है, जिससे स्कूलों की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप पड़ गई है। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे एक वीडियो में मासूम बच्चे स्कूल के कमरों और आंगन में झाड़ू लगाते साफ दिख रहे हैं। इसे शिक्षा का मंदिर कहा जाता है, लेकिन यहाँ बच्चे अब पढ़ाई के बजाय सफाई का जिम्मा संभालते नजर आ रहे हैं। यह पूरा मामला करचिया सरकारी स्कूल का बताया जा रहा है, जहां ये तस्वीरें सामने आई हैं।

**अंशकालीन सफाईकर्मियों की हड़ताल-**

वायरल वीडियो ने खोली व्यवस्था की पोल



दरअसल, यह समस्या अंशकालीन सफाईकर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण पैदा हुई है। सफाईकर्मी अपनी सेवाओं को पूर्णकालिक करने की मांग पर अड़े हुए हैं। उनकी हड़ताल के चलते कई स्कूलों में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। बच्चों को स्कूल पहुंचते ही सबसे पहले झाड़ू उठानी पड़ रही है और सफाई करनी पड़ रहीं है, उसके बाद ही वे अपनी पढ़ाई शुरू कर पा रहे हैं।

### प्रशासन और शिक्षा विभाग पर सवाल

यह घटना स्थानीय प्रशासन और शिक्षा विभाग के लिए एक बड़ा मुद्दा बन गई है।



सवाल उठ रहा है कि जब सफाईकर्मी हड़ताल पर हैं, तो बच्चों को इस तरह सफाई कार्य में क्यों लगाया जा रहा है? बच्चों के स्वास्थ्य और उनकी पढ़ाई पर इसका क्या असर पड़ेगा? मिली जानकारी के अनुसार, सफाईकर्मियों ने अपनी मांगें पूरी होने तक हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया है, जिसके कारण जिले के कई स्कूलों में ऐसी ही स्थिति बनी हुई है। इस गंभीर समस्या पर तत्काल ध्यान देने और समाधान निकालने की आवश्यकता है ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो और उन्हें स्वच्छ वातावरण मिल सके।

## युवक-युवतियों ने स्कूली ड्रेस में बनाई रील पर मचा बवाल, प्रबंधन ने बुलाई बैठक

**नवापारा-राजिम।** परसदा हाई स्कूल एक चौंकाने वाली घटना के कारण चर्चा में आ गया है। रविवार को, कुछ बाहरी युवाओं और युवतियों ने स्कूल ड्रेस पहनकर परिसर के अंदर एक रील बनाई, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है। वायरल हो रही रील में दिख रहे युवक और युवती एक हे दीवाना और एक हे दीवानी/" गीत पर अभिनय करते नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिक्षा के मंदिर में बिना अनुमति के इस तरह का रील बनाना बेहद निंदनीय है। उनका मानना है कि ऐसे कृत्यों का पढ़ने वाले बच्चों के मनोमस्तिष्क पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। आश्चर्यजनक बात यह है कि रील में दिख रहे ये युवक-युवती परसदा स्कूल के छात्र-छात्रा नहीं हैं। उन्होंने रील बनाने के लिए स्कूल के प्राचार्य, प्रधानपाठक, सरपंच, या शाला विकास प्रबंधन समिति से कोई अनुमति




भी नहीं ली थी। इस गंभीर मामले पर चर्चा के लिए बुधवार को स्कूल में एक विशेष बैठक बुलाई गई। बैठक में सरपंच रमेश वर्मा, प्राचार्य हरिश्चंद्र साहू, शाला विकास समिति के सदस्य टीकू यादव, गोपाल साहू, वीरेंद्र कुटियारे, और रामजी खिलवारे मौजूद थे। संबंधित युवाओं को भी बैठक में तलब किया गया, जो पास के गांव घोंट और परसदा के रहने वाले हैं। इन युवाओं ने स्कूल प्रबंधन को लिखित रूप में स्वीकार किया कि उन्होंने छुट्टी के दिन (रविवार) को रील बनाई थी, लेकिन इसके लिए उन्होंने कोई परमिशन नहीं ली थी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी उनकी है। बैठक में मौजूद स्कूल प्रबंधन और ग्रामीणों ने युवाओं के इस स्वीकारोक्ति पत्र को शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भेज दिया है, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। यह घटना स्कूल परिसर में बाहरी व्यक्तियों की गतिविधियों पर नियंत्रण और बच्चों पर ऐसे कृत्यों के संभावित प्रभाव पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

# सार्वजनिक स्थल पर शराब पीते 5 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिले में 'नया सवेरा अभियान' के तहत पुलिस द्वारा अवैध शराब सेवन और सार्वजनिक स्थलों पर नशा करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना देवभोग पुलिस ने ग्राम टिकरापारा में सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करते हुए पांच युवकों को गिरफ्तार किया है।

वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर थाना प्रभारियों को लगातार गश्त व मुखबिर तंत्र सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसी अभियान के तहत 3 जुलाई की रात थाना प्रभारी देवभोग को सूचना मिली कि टिकरापारा के अलग-अलग स्थानों पर कुछ लोग सार्वजनिक स्थल पर शराब का सेवन कर रहे हैं।सूचना की तस्दीक कर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी और अलग-अलग स्थानों से पांच व्यक्तियों को पकड़ा। पूछताछ में उनकी पहचान निम्नानुसार ⏭ शेष पेज 10 पर

## बचपन का सपना पूरा करने अपने गांव में सेवा देने लौटीं डॉ. मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

जिले के देवभोग क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए यह बड़ी खबर है। नगर की बेटी डॉ. मुस्कान तिवारी की नियुक्ति देवभोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा अधिकारी के तौर पर हो गई है। डॉक्टर मुस्कान की पहली पोस्टिंग अपने ही गृह क्षेत्र में



हुई है, जिससे लोगों में खुशी और गर्व का माहौल है। बचपन से मेधावी रहीं मुस्कान तिवारी ने अपनी शुरुआती पढ़ाई देवभोग शिशु मंदिर से की। इसके बाद उन्होंने भिलाई स्थित शकुंतला विद्यालय से हायर सेकेंडरी की पढ़ाई पूरी की, जहां कक्षा 12वीं में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार और ⏭ शेष पेज 10 पर




## खबर संक्षेप



### पलौद में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया, 4 लाख के सौंदर्यीकरण की घोषणा

**पलौद।** ग्राम पलौद स्थित शासकीय विद्यालय में नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय में पहली बार प्रवेश लेने वाले नौनिहालों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष खोलूराम साहू उपस्थित रहे। विशेष अतिथियों में जनपद सदस्य हिमांशु खरे और महेंद्र खुटियारे, सरपंच सुषमा ध्रुव, उपसरपंच बिहारीलाल साहू मंडल अध्यक्ष किशोर साहू और ईश्वर साहू प्रमुख रूप से मौजूद थे। नवप्रवेशित बालक-बालिकाओं को पुस्तकें, गणवेश, पेन और कॉपी वितरित किए गए। साथ ही, बच्चों को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं। मुख्य अतिथि खेलूराम साहू ने बच्चों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन का सबसे बड़ा शस्त्र है, जिससे व्यक्ति अपना भविष्य स्वयं गढ़ सकता है।/" उन्होंने जोर दिया कि आज के नन्हें छात्र कल के देश निर्माता होंगे, और उन्हें अच्छे संस्कार तथा बेहतर वातावरण देना हम सबकी जिम्मेदारी है।
इस मौके पर, खनिज न्यास के सदस्य राघवेंद्र साहू ने विद्यालय के सौंदर्यीकरण के लिए एक बड़ी घोषणा की। उन्होंने 4 लाख की राशि स्वीकृत करने की बात कही, जिसे खनिज विभाग के माध्यम से क्रियान्वित किया जाएगा। यह राशि विद्यालय के विकास और छात्रों को बेहतर शैक्षिक माहौल प्रदान करने में सहायक होगी। कार्यक्रम के दौरान स्वर्गीय खिलेश्वर साहू की स्मृति में उनके परिवार द्वारा नेवता भोज का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के समस्त सदस्य, पंचगण, शिक्षकगण, ग्रामवासी और अभिभावकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम को एक पारिवारिक और सामुदायिक स्वरूप मिला।

### विधायक साहू ने विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

**रायपुर।** रानी लक्ष्मीबाई अमन नगर में गुरुवार को 24 लाख 15 हजार रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। साथ ही प्रगति नगर में विधायक निधि से बने 10 लाख के सामुदायिक भवन का लोकार्पण विधायक मोतीलाल साहू ने किया। वार्ड पार्षद देवदत्त द्विवेदी ने विधायक की और क्षेत्र के निवासी अख्तर चौहान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इस उद्घाटन कार्य से स्थानीय निवासियों में उत्साह देखने को मिला। इसी दौरान निवासियों ने विधायक और पार्षद देवदत्त द्विवेदी का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में जोन अध्यक्ष गोपेश साहू, एमआईसी सदस्य खेम सेन, पार्षद मोहन साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष नागोडे, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजन जयप्रकाश चंद्रवंशी, ओमेश जिभेकर, मंडल उपाध्यक्ष आरिफ सिद्दीकी, मुस्लिम समाज के मुतवल्ली और वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

### रेलवे जोन के जीएम ने किया 27 अधिकारियों का सम्मान

**रायपुर।** बिलासपुर रेलवे जोन के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने जोन मुख्यालय में बुधवार को पूरे जोन के कुल 27 लोगों को सम्मानित किया, इनमें रायपुर रेलवे स्टेशन के चार अधिकारी शामिल हैं। रायपुर के मुख्य पार्सल पर्यवेक्षक प्रबल मित्रा, मुख्य वाणिज्य पर्यवेक्षक रामसिंह नेताम, सीनियर टिकट पर्यवेक्षक बाय सुधाकर राव और मुख्य टिकट इंस्पेक्टर केवी राव शामिल हैं। इन चारों को जोन मुख्यालय बिलासपुर में उत्कृष्ट सेवा प्रमाणपत्र और सम्मान राशि देकर सम्मानित किया गया। रायपुर स्टेशन के सभी अधिकारी-कर्मचारियों इस पर हर्ष जताया है। इस मौके पर रेलवे अधिकारियों ने बताया कि बिलासपुर रेलवे जोन के महाप्रबंधक ने 20 जून को रायपुर रेलवे स्टेशन का दौरा कर निरीक्षण किया था। उसके पूर्व भी महाप्रबंधक रायपुर रेल्वे स्टेशन का दौरा कर सुरक्षा, सफाई, सिग्नल, बुकिंग, पार्सल, वाणिज्य, निर्माण और अन्य सभी कार्यों की बारीकी से जांच कर चुके थे।

**पर्यटन :** जिले के सबसे बड़े व मनमोहक कुलाप जलप्रपात तक पहुंचना बेहद कठिन

# दुर्गम पहाड़ियों के बीच कुलाप जलप्रपात का मनोरम नजारा, पर्यटकों को कर रहा आकर्षित



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर**

बारिश प्रारंभ होते ही अब गरियाबंद जिले के पहाड़ी इलाके के जलप्रपातों में पानी की धार आने लगी है और अभी से पर्यटक पहुंचने लगे है उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के ओड़ आमामोरा सिकासार पहाड़ी क्षेत्र में प्रकृति का अनुपम सौन्दर्य कण –कण में बिखरा पड़ा है यहां दूर –दूर तक फैली बड़े –बड़े उंची नीचे घाटिया घने जंगल तथा फुलो से ढके रास्ते व ठंडी मस्त हवा पर्यटको का मन बरबस ही मोह लेती है खास बात यह है कि यहां पर लोगो का कोलाहल व भीड़भाड़ बहुत कम है यकीन जानिए यहां पहुंचने के बाद पर्यटक स्वयं को प्रकृति के निकट पाता है। वैसे तो गरियाबंद ज़िला पर्यटन के दृष्टिकोण से काफी प्रसिद्ध हैं यहां प्रकृति ने अपनी खूबसूरत छठा बिखेरा है, यहां कल कल बहती जलप्रपात बरबस ही पर्यटकों का ध्यान अपनी और खींचती हैं यही कारण है कि हर वर्ष खासतौर पर वर्षा ऋतु में सैलानी यहां बड़ी संख्या में आते हैं और यहां के प्राकृतिक सुंदरता को नजदीक से देख मंत्रमुग्ध हो जाते हैं उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के जंगल मे कई मनोरम पहाड़ी और पहाड़ियो से गिरने वाले पानी की धार झरने को देखने का आनंद पर्यटको को सिर्फ बारिश के दिनो मे मिलता है पिछले कुछ दिनो से रूक रूककर हो रही क्षेत्र में बारिश और खासकर पहाड़ी क्षेत्रे मे हुई अच्छी बारिश के कारण इन दिनों लोगो को पहाड़ो के ऊपर से झरने गिरते मनोरम दृ"य देखने को मिला और यह मनोरम दृ"य नेशनल हाइवे 130 सी धवलपुर गरियाबंद मार्ग से दिखाई दे रहा है जिससे यह आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि पहाड़ी क्षेत्रे मे भारी बारिश हुई है तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 30 –35 किलोमीटर दुर बीहड जंगल और पहाडी के उपर से गिर रहे कुलाप जलप्रपात जंगलो और पहाडो के बीच अदभूत नजारा आज काफी विख्यात है, यहां धवलपुर जरडी टोरीभूई से 15 किलोमीटर दुर लगभग 06 किलोमीटर दुर्गम जंगलो पहाडों को पैदल पार कर यहा पहुचा जाता है, वही दूसरी ओर आमामोरा अमलोर से 06 किमी जंगली रास्ता से भी यहां पहुंचा जाता है। नेशनल हाईवे मार्ग मैनपुर गरियाबंद से दिखाई देने वाला और सिकासार जलाशय के उपर लगभग 350 मीटर की ऊचाई से गिरने वाला यह वॉटरफाल प्रदेश के प्रसिध्द वाटरफालो में जाना जाता है लेकिन यहा तक पहुचना हर किसी के बस की बात नही है, बहुत ही कम लोग यहा तक पहुच पाते है सबसे पहले तो यहा पहुचने के लिए कोई पक्की सडक नही है, घने जंगलो पहाडों को पार करते हुए यहा पहुचा जाता है और इस बियाबान जंगल में अनेक प्रकार के जंगली जीव जन्तुओं के साथ हाथी प्रभावित क्षेत्र भी है, जिसके कारण इस जलप्रपात में बहुत कम ही लोग पहुच पाते है खासकर बारिश के दिनो में इस जलप्रपात की सुन्दरता बेहद ही खूबसूरत और रोमांचक भरा है , काफी ऊचाई से कल कल की आवाज करते सिकासार जलाशय के उपर गिर रहे कुलाप जलप्रपात को देखने का एक अलग ही आंनंद है।

**नेशनल हाईवे मैनपुर गरियाबंद मार्ग से दिखाई दे रहा कुलाप जलप्रपात**



#### गाईड की सुविधा उपलब्ध

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि अमलोर से 4-5 किमी पैदल जाना पड़ता है तब कुलाप जलप्रपात पहुंचा जाता है। वन विभाग द्वारा अमलोर में गाईड की सुविधा उपलब्ध कराई गई है ग्राम ओड़ से भी वन प्रबंधन समिति के गाईड उपलब्ध है। उन्होने बताया की यह वन्यप्राणी विचरण क्षेत्र है और यहां पहुंचने से पहले सावधानियां बहुत जरूरी है क्योंकि जंगल रास्ता होने के कारण कई जगह फिसलन के चलते दुर्घटना की भी संभावना है।

#### मनोरम जलप्रपात में पहुंचने के लिए सावधानियां बहुत जरूरी

घनघोर पहाड़ी के ऊपर यह जलप्रपात लोगों को अपनी ओर आकर्शित कर रहा है। इसकी सुन्दरता इन दिनों चार चांद लगा रही है लेकिन यहां जाने से पहले कई सावधानिया बेहद जरूरी है। पहले वन विभाग के स्थानीय अधिकारी कर्मचारियों से संपर्क किया जाना चाहिए क्योकि यह क्षेत्र हाथी प्रभावित क्षेत्र के साथ हिंसक वन्यप्राणी क्षेत्र है। यहां तेंदुआ, भालु, लकड़बघ्घा व अन्य वन्यप्राणी भारी संख्या में पाए जाते हैं और बारिश में जंगल घने होने के कारण कब हमला कर दे कुछ कहा नहीं जा सकता इसलिए पहले इसके लिए वन विभाग से संपर्क किया जाना चाहिए साथ ही यहां वन विभाग द्वारा तैनात गाईड ले जाना बेहद जरूरी है।

## रांवड़ में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम**

शासकीय हाई स्कूल रांवड़ में शाला प्रवेश उत्सव के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य पूजा-मुकेश भारती ने कहा कि यह संस्था अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए क्षेत्र में प्रसिद्ध है। शाला विकास समिति ,पालक द्वारा सामूहिक रूप से प्रयास करते हुए संस्था के विकास में निरंतर तत्पर रहते हैं। कहा कि विद्यार्थी आज से ही लक्ष्य बनाकर अध्ययन करें और सफलता प्राप्त करें। सरपंच माधुरी साहू ने कहा कि किसी भी संस्था का विकास अनुशासन से ही होता है। यहां गणित, विज्ञान ,सामाजिक विज्ञान की शिक्षक नही होते हुए भी मात्र तीन शिक्षकों ने अपने अथक प्रयास से तीनों विषय का गहन अध्ययन छात्रो को कराते हैं जिसके परिणाम स्वरुप यहां के बच्चे जिला में अपना उत्कृष्ट स्थान बनाते हैं। अन्य गतिविधियों में भारत एवं स्काउट गाइड में सत्र 2024 25 में जिले में सबसे अधिक 12 छात्र राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित होना हमारे ग्राम के लिए गर्व की बात है इस अवसर पर सभी छात्र शिक्षक एक लक्ष्य लेकर प्रथम दिवस से ही विकास में अपना योगदान दे और अपने विद्यालय, ग्राम का नाम रोशन करें। विशेष अतिथि उपसरपंच तामेश्वरी सोनवानी, पूर्व सरपंच हलधर साहू ,मनहरण सेन ,दीपक साहू ,पदमा साहू ,युगल साहू ,लेखनी साहू ने भी छात्र-छात्राओं को अनुशासन के साथ अच्छे अध्ययन अध्यापन कर अपने मां-बाप गांव का नाम रोशन करने का आशीर्वचन दिया। कार्यक्रम में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के सदस्य कुंजलाल निषाद ,रेवती यादव ,त्रिलोक निर्मलकर ,कामिनी देवांगन ,लता पटेल थे। आभार योगिता यादव व संचालन वर्षा देवांगन ने किया।

#### यामिनी ने किया कमाल, बनीं जिले की टॉपर





कार्यक्रम के प्रारंभ में राजकीय गीत, मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्राचार्य चैतन्य यदु ने संस्था का शाला प्रवेश एवं वार्षिक प्रतिवेदन पढ़ा। इस दौरान उन्होने बताया कि इस वर्ष कक्षा नौवीं में 24 छात्र 15 छात्राएं कुल 39 छात्र-छात्रा नवप्रवेश लिए है। सत्र 2024- 25 में हाई स्कूल परीक्षा परिणाम 100% रहा जिसमें कुल 31 छात्र में 24 छात्र प्रथम श्रेणी में तथा 7 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इनमें कुमारी यामिनी साहू 94.16% के साथ कक्षा में प्रथम आकर जिला के टॉप में स्थान बनाया। कुमारी कामिनी साहू 89% के साथ कक्षा में द्वितीय तथा तेजस दास 86% के साथ कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। 4 छात्र-छात्राएं 85% से ऊपर अंक प्राप्त किया तथा 12 छात्र 75% से ऊपर। इसी सत्र में पूरे जिले में सबसे अधिक 12 स्काउट गाइड हमारे संस्था से राज्यपाल पुरस्कार परीक्षा उत्तीर्ण किया। जिनमें 6 स्काउट और 6 गाइड राज्यपाल पुरस्कार परीक्षा उत्तीर्ण कर संस्था को गौरवान्वित किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत कर मुंह मीठा कराया व निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। इसी के साथ संस्था के उत्कृष्ट छात्रों का सम्मान किया गया।

## शिक्षा की सीढ़ी पर चढ़ने से मिलती है सफलता : पूरन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर**



- बिजली स्कूल में संयुक्त रूप से शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिजली के संयुक्त तत्वाधान में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के छाया चित्र पर दीप प्रज्जवलित व श्रीफल फोड़कर किया गया। तत्पश्चात कक्षा पहली एवं छटवीं के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को अतिथियों के द्वारा गुलाल लगाकर एवं मुंह मीठा कराते हुए पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया।
इस अवसर पर मुख्य अतिथि नंदुराम यादव सभापति जनपद पंचायत फिंगेश्वर ने कहा कि आप सभी नियमित रूप से शाला में उपस्थित होकर अनुशासन में रहकर अच्छे से पढ़ाई करते हुए घर परिवार एवं शाला का नाम रोशन करें।संकुल प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि शिक्षा ऐसी सीढ़ी है, जिससे चलती पीढ़ी है। असफलता सफलता की प्रथम सीढ़ी है। हमें सकारात्मक सोच रखते हुए कार्य करना होगा तो निश्चित सफलता मिलेगी।शिक्षा मनुष्य के अंदर अच्छे विचारों को लाती है और बुरे विचारों को बाहर करती है। मोती राम निषाद सरपंच प्रतिनिधि ने कहा कि ''स्कूल आ पढ़े बर,जिंदगी ला गढ़े बर''कोई भी विद्यार्थी पढ़ाई से वंचित न हो,सभी को शिक्षा प्राप्त हो.सफलता पाने के लिए एक निश्चित लक्ष्य का निर्धारण बहुत जरुरी है।ग्राम विकास समिति के शत्रुहन साहू ने कहा कि सभी बच्चे स्कूल में मन लगाकर पढ़ाई कर घर, परिवार एवं शाला का नाम रोशन करें।दयाराम साहू वरिष्ठ नागरिक ने कहा कि जीवन में अनुशासन का बहुत महत्व है।क्यूंकि अनुशासन ही देश को महान बनाता है।अतःआप सभी अनुशासन में रहते हुए अपने शिक्षकों के द्वारा सिखाये गए ज्ञान को आत्मसात करते हुए माता,पिता एवं गुरुओं का सम्मान करना न भूलें। कृपा राम निषाद वरिष्ठ नागरिक ने कहा कि परिश्रम सफलता की कुंजी है। सभी बच्चे लगन के साथ पढ़ाई में ध्यान देवें तो निश्चित सफलता मिलेगी।भुवन यदु संकुल समन्वयक ने कहा कि जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है। शिक्षा के विकास से गांव, समाज व राष्ट्र की उन्नति संभव है। टिकेंद्र यदु शिक्षक ने कहा कि सभी पालक अपने बच्चे को नियमित रूप से विद्यालय भेजें।शिक्षा से बढ़कर कोई ताकत नहीं होती है। अतः शिक्षा मनुष्य को जीवन का मार्ग दिखाती है। कृपा राम बघेल ने कहा कि ने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ संस्कार बहुत जरुरी है। जीवन में संस्कार का बहुत महत्व है।संस्कार विहीन मनुष्य पशु के समान होते है। कार्यक्रम का संचालन नंदकुमार यादव शिक्षक ने किया।
इस अवसर पर संकुल प्राचार्य पूरन लाल साहू, जनपद पंचायत सभापति नंदूराम यादव, सरपंच प्रतिनिधि मोती निषाद, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष शत्रुहन साहू,विकास समिति अध्यक्ष चुनू राम निषाद,जनक राम साहू, डोमन लाल साहू, हेमंत निषाद, कृपाराम निषाद, शिक्षक टिकेंद्र कुमार यदु, मोहन लाल साहू, कृपाराम बघेल, वीरेंद्र यदु, मिथुन मरकाम, प्रियंका निषाद स्वीपर खुमान राम पटेल, नंदकुमार यादव व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## जुड़वास शोभायात्रा में दुकालू यादव का रोड शो

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम**



शहर में बाबा हरदेवलाल मां शीतला सेवा समिति द्वारा भव्य माता जुड़वास शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जो हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। इस धार्मिक आयोजन में श्री गोपाल गौशाला एवं राइस मिल एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष गिरधारी अग्रवाल और शीतला समिति के प्रमुख सलाहकार रूपेंद्र चंद्राकरसहित समिति के कई सदस्य शामिल हुए। इनमें पुरनलाल साहू (अध्यक्ष), महेश निषाद (उपाध्यक्ष), बिसाहू साहू, शिवदयाल साहू, ईश्वर साहू, पुनारद साहू, देवेंद्र साहू, नवल साहू और धर्म साहू प्रमुख थे। शोभायात्रा के दौरान प्रसिद्ध कलाकार दुकालू यादव ने रोड शो के माध्यम से जस गीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। यह शोभायात्रा माता शीतला मंदिर से प्रारंभ होकर काली मंदिर, सुभाष चौक, सदर रोड, बाबा हरदेवलाल मंदिर, इंदिरा मार्केट, गंज रोड, नगर पालिका, तर्री रोड गायत्री मंदिर, नरसिंह नाथ मंदिर होते हुए पुनः शीतला माता मंदिर में समाप्त हुई। पूरे यात्रा मार्ग पर जगह-जगह विभिन्न संगठनों, समितियों और श्रद्धालुओं द्वारा माता जी का भव्य स्वागत-सत्कार किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं को जलपान, चाय और बिस्कुट** भी वितरित किए गए। शोभायात्रा के समापन पर शीतला मंदिर में भोजन प्रसादी का भी विशेष इंतजाम किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया। यह आयोजन शहर में धार्मिक सौहार्द और भक्तिमय वातावरण का एक सुंदर उदाहरण रहा।

### महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने विधायक साहू का बड़ा कदम



**छुरा।** नगर के सरस्वती आदर्श महिला मंडल द्वारा विधायक महोदय रोहित साहू जी के समक्ष अपने महिला मंडल के लिए भवन निर्माण के लिए निवेदन किया गया था, जिसे स्वीकार करते हुए विधायक महोदय ने आज सरस्वती आदर्श महिला मंडल को भवन निर्माण करने के लिए 10 लाख रुपए प्रदान कर भूमिपूजन किया।विधायक रोहित साहू ने महिलाओं की बातों को प्राथमिकता के साथ सुना और इस पर तुरंत अमल किया, जो उनके महिला सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस पहल से छुरा नगर में महिला सशक्तिकरण और महिला मंडल के कार्यों को और अधिक मजबूती मिलेगी। विधायक रोहित साहू की इस पहल का स्वागत करते हुए नगर पंचायत छुरा की अध्यक्ष श्रीमती लुकेश्वरी थानसिंह निषाद ने कहा कि यह महिला मंडल के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और इससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर नगर पंचायत छुरा की अध्यक्ष श्रीमती लुकेश्वरी थानसिंह निषाद ने भी विशेष सहयोग प्रदान किया और महिला मंडल के कार्यों की सराहना की।इस कार्यक्रम में जिला पंचायत गरियाबंद की सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी तथा लेखु ध्रुवा, सरस्वती आदर्श महिला मंडल के कमला सारस्वत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष रमा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुनीता गुप्ता,सचिव आरती गुप्ता, सह सचिव सोनिया कोठारी,संरक्षक किरण शर्मा, जयसुधा गुप्ता,राधिका यादव,अनिता सिन्हा, शालिनी चौबे, मंजू अग्रवाल,सुनीता त्रिवेदी, अनिता देवांगन , सतिंदर भाटिया,पुष्पा तिवारी,उषा गुप्ता , कविता शारदा, शशि शर्मा, हेमिन साहू, कांति नागदेव,दीपाली सारस्वत, देवकी शाह, कांति गुरुदत्ता के साथ नगर के गणमान्य नागरिकगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि इस अवसर पर उपस्थित थे।

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पहल बिरोड़ में प्रकृति कुबेर यज्ञ पूजन**

# प्रकृति की सेवा ही सच्ची पूजा : विधायक साहू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की पहल पर गरियाबंद जिले के छुईहा बेलर स्थित ग्राम बिरोड़ में एक अनूठा 'प्रकृति कुबेर यज्ञ पूजन' और विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत प्रचारक नारायण नामदेव विशेष आमंत्रण पर सोमवार को पहुँचे। उन्होंने भारत को सशक्त बनाने के लिए 'पंच परिवर्तन' के संदेश को घर-घर तक पहुँचाने पर जोर दिया। आरएसएस के सह प्रांत प्रचारक नारायण नामदेव ने अपने वक्तव्य में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने 'प्रचारकों' के माध्यम से संघ के संदेश को घर-घर तक पहुँचाने के साथ-साथ हिंदू समाज में सामाजिक समरसता लाने के एजेंडे को जमीनी स्तर तक ले जाने पर केंद्रित है। इसी परिप्रेक्ष्य में उन्होंने 'पंच परिवर्तन' पर विशेष ध्यान केंद्रित किया, जिसमें परिवार जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवन शैली, सामाजिक समरसता और नागरिक कर्तव्य जैसे पाँच आयाम शामिल हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इन संदेशों को हर गाँव और कस्बे तक पहुँचाएँ और लोगों को इनका अनुसरण करने के लिए प्रेरित करें।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रकृति व पर्यावरण को विशेष महत्त्व दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रकृति की सेवा व सुरक्षा ही प्रकृति की सच्ची पूजा है, क्योंकि प्रकृति परमात्मा की ही भौतिक अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि मनुष्य का निर्माण भी पाँच



प्राकृतिक तत्वों (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश) से हुआ है। जब तक ये तत्व शुद्ध अवस्था में अपने-अपने अनुपात में मौजूद रहते हैं, प्राणी स्वस्थ रहता है। इनकी कमी या अशुद्धि से ही विकार उत्पन्न होते हैं। विधायक ने इस आयोजन के सूत्रधार ग्रामोदय संस्थान बिरोड़ के अध्यक्ष भुनेश्वर साहू और सरपंच अमिता मनोज यादव की प्रशंसा की। आयोजनकर्ताओं की मांग पर उन्होंने विकास कार्य के लिए 15 लाख रुपये की घोषणा भी की।

#### प्रकृति मां के समान है : भुनेश्वर



ग्रामोदय संस्थान बिरोड़ के अध्यक्ष एवं प्रखर वक्ता भुनेश्वर साहूने कहा कि प्रकृति को मां की उपमा दी गई है। उन्होंने समझाया कि प्रकृति न सिर्फ मनुष्य का निर्माण करती है, बल्कि उसके जीवनयापन के लिए अन्न, जल, वस्त्र, वायु, औषधि आदि सब कुछ प्रदान करती है। कुबेर यज्ञ, प्रकृति पूजन और वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत सरकड़ा के आश्रित ग्राम बिरोड़ में सरपंच अमिता मनोज यादव एवं ग्रामोदय संस्थान बिरोड़ अध्यक्ष भुनेश्वर साहू के तत्वावधान व संयोजन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता नारायण नामदेव और सिरकट्टी आश्रम के संत गोवर्धन शरण व्यास की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित अतिथियों में सह प्रांत प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक नारायण नामदेव, संत गोवर्धन शरण व्यास, मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू, अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू, जनपद सदस्य माधुरी देवनाथ ध्रुव, सरपंच सरकड़ा-बिरोड़ अमिता मनोज यादव, भाजपा नेत्री भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजू लता हरित, भाजपा नेत्री संतोषी श्रीवास्तव, पद्मा यादव, शिमा ठाकुर, भुनेश्वरी साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता रामु राम साहू, भागवत हरित, चंद्रशेखर हरित, चंद्रशेखर साहू, डॉ. रामकुमार साहू, मिंजुन साहू, लाला साहू, ईश्वरी साहू, दिलीप साहू, सरपंच बोरिद उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष...

### सार्वजनिक स्थल पर...

हुई प्रेमसिंग मरकाम पिता कुसोसिंग मरकाम (40 वर्ष), डीकचंद्र मरकाम पिता टंकधर मरकाम (31 वर्ष), मोरध्वज कश्यप पिता निरंजन कश्यप (44 वर्ष), सीबोराम यादव पिता मिलन यादव (33 वर्ष), टंकधर यादव पिता मनबोध यादव (44 वर्ष) सभी आरोपी ग्राम टिकरापारा, थाना देवभोग के निवासी हैं। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से शराब की खाली शीशियाँ और शराब सेवन का सामान बरामद किया गया। सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। फलस्वरूप उनके खिलाफ धारा 36(च)(1) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अलग-अलग अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें विधिवत गिरफ्तार किया गया।

### बचपन का सपना पूरा...

स्कूल का नाम रोशन किया। वर्ष 2019 में मुस्कान ने नीट परीक्षा क्लियर कर इंडिया में 22,000वां रैंक और छत्तीसगढ़ में 178वां रैंक हासिल किया था। उनका चयन बिलासपुर सिम्स मेडिकल कॉलेज में हुआ, जहां से उन्होंने 2024 में एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त की।

**बचपन का सपना अपने गांव की सेवा**- डॉ. मुस्कान तिवारी का कहना है की बचपन से सुनती थी कि ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टर पोस्टिंग नहीं कराना चाहते। तभी मैंने ठान लिया था कि डॉक्टर बनकर अपने ही क्षेत्र में सेवा दूंगी। आज यह सपना पूरा हो गया। देवभोग जैसे सीमावर्ती और पिछड़े क्षेत्र में लंबे समय से महिला चिकित्सक की कमी महसूस की जा रही थी। डॉ. मुस्कान की पोस्टिंग से अब महिला मरीजों को काफी राहत मिलेगी, खासकर प्रसव और स्त्री रोग संबंधी इलाज के लिए।

**पहले भी कारोबारी पुत्र दे चुके हैं सेवा**- इससे पहले कारोबारी अशोक गर्ग के सुपुत्र डॉ. सुयश गर्ग भी देवभोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा अधिकारी के रूप में अपनी सेवा दे चुके हैं। अब डॉ. मुस्कान की नियुक्ति से स्वास्थ्य केंद्र को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद है।

**नगर में खुशी का माहौल**- डॉ. मुस्कान की इस उपलब्धि पर नगरवासियों, शिक्षकों और छात्रें में खुशी की लहर है। सभी को गर्व है कि उनकी धरती की बेटी अब गांव-गांव में स्वास्थ्य का दीपक जलाएगी। सोशल मीडिया पर भी बधाईयों का तांता लगा हुआ है।

## खबर संक्षेप



### प्रभारी मंत्री बघेल से मिले पंकज विकास व समस्याओं पर चर्चा

**मुड़ागांव (कोरासी)।** जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल से उनके निज निवास रायपुर में गुरुवार को जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर निर्मलकर ने मंत्री बघेल को उनके जन्मदिन की बधाई दी और जनपद क्षेत्र क्रमांक आठ के विकास एवं समस्याओं के संबंध में सकारात्मक चर्चा की। इस मुलाकात के दौरान पंकज निर्मलकर के साथ पूर्व भाजपा मंडल उपाध्यक्ष पाण्डुका के सोमन यदू और राकेश अड़वंशी भी उपस्थित थे। बैठक में क्षेत्र की विभिन्न आवश्यकताओं और चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया गया, ताकि उनके समाधान के लिए उचित कदम उठाए जा सकें।

### पंचायत बकली में बोर खनन के लिए हुआ पूजा



**राजिम।** ग्राम पंचायत बकली में पानी की समस्या को देखते हुए सरपंच, पंच एवं ग्रामवासियों का एक प्रतिनिधि मंडल विधायक रोहित साहू से मिला। विधायक ने इस समस्या को गंभीरता से लेकर बोर खनन के लिए स्वीकृति हेतु आदेशित किया जिसके फलस्वरूप बोर खनन के लिए मशीन ग्राम बकली पहुंचा। खनन के पूर्व ग्रामीणो ने पूजा अर्चना की। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव, बिंदा साहू सरपंच, हीराधर साहू, धर्मेन्द्र ध्रुव मौजूद थे।

### पिथौरा में स्काउट-गाइड की हुई बैठक, 7 को पौधरोपण करने का लिया निर्णय



**पिथौरा (ग्रामीण)।** भारत स्काउट्स और गाइड्स स्थानीय संघ पिथौरा की बैठक शासकीय बुनियादी स्कूल में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में संघ के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिला उपाध्यक्ष स्वप्निल तिवारी ने की। जबकि, विशिष्ट अतिथि देवकुमारी चौधरी रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना से हुई। बैठक में राज्य मुख्यालय से मिले निर्देश के अनुसार आगामी 7 जुलाई को सुखीपाली हायर सेकंडरी स्कूल में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही वार्षिक आय-व्यय की जानकारी दी गई और पूरे साल के कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर संतोष साहू जिला प्रशिक्षण अधिकारी, झनेश कुमार साहू सचिव, रामकुमार नायक, राजीव तिवारी, कमलेश दीवान, पतिराम पटेल, रोहिणी देवगन, अंशुमान तांडी, विजय सिन्हा, चतुर्भुज राणा, सुकांति नायक और दीपिका देवांगन भी मौजूद रहे। बैठक की जानकारी ब्लॉक मीडिया प्रभारी दिलीप निषाद ने दी।

### अच्छी बारिश के बाद खेती कार्य में आई तेजी



**अरंड (पिथौरा)।** शुक्रवार को दिन भर हल्की बारिश की फुहार जारी रही। फसल की तैयारी में जुटे किसान के चेहरे खिल उठे। दो दिन से हो रहे बारिश के साथ खेती किसानी कार्य में तेजी आई है। धान के रोपा का का कार्य शुरू हो गया है। ग्राम खुटेरी में रोपाई कार्य करते हुए मजदूर। खेतों में चहल-पहल बढ़ गई है।

**निर्देश :** कलेक्टर ने कालाबाजारी रोकने के निर्देश

# जिले में खरीफ बोआई जोरों पर खाद-बीज का है पर्याप्त स्टॉक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

जिले में खरीफ फसल की बुवाई जोरों पर है और किसानों द्वारा सहकारी समितियों के माध्यम से खाद-बीज का उठाव तेजी से किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि जिले में खाद-बीज की कोई कमी नहीं है और किसानों की सहुलियत के अनुसार पर्याप्त भंडारण के साथ वितरण भी किया जा रहा है। जिले की 67 सहकारी समितियों में कुल 18062.00 क्विंटल धान बीज (एमटीयू-1010, एमटीयू-1001, एमटीयू-1156, एमटीयू-1318, स्वर्णा, स्वर्णा सब-1, महामाया, विक्रम-टीसीआर, सीजी-देवभोग, आईआर-64 किस्मों) और 21094 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरकों (यूरिया, सुपर फास्फेट, पोटाश, एनपीके-20:20:0:13, एनपीके-28:28:0, एनपीके 12:32:16) का भंडारण किया गया है। इसमें से 15700 क्विंटल धान बीज और 16298 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरकों का वितरण किसानों को किया जा चुका है। वर्तमान में, समस्त सहकारी क्षेत्र में 2362 क्विंटल धान बीज और 4796 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, जिले में लगभग 3300 मीट्रिक टन डीएपी का भंडारण कर वितरण जारी है। डीएपी के विकल्प के रूप में सिंगल सुपर फास्फेट, एनपीके 20:20:0:13, 28:28:0, 12:32:16 जैसे उर्वरकों का भी पर्याप्त भंडारण किया गया है।

■ किसानों की सहुलियत के लिए सुलभ तरीके से किया जा रहा वितरण

### खाद की कालाबाजारी पर नकेल और किसानों से अपील



फाइल फोटो

कलेक्टर बीएस उईके ने जिले में बीज और उर्वरक की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला विपणन अधिकारी, सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, और कृषि विभाग को निर्देश दिए हैं। उन्होंने बीज-उर्वरक के अवैध परिवहन, कालाबाजारी/मुनाफाखोरी रोकने और शासन द्वारा निर्धारित दर पर ही किसानों को उर्वरक उपलब्ध कराने के सख्त निर्देश दिए हैं। इस आदेश के परिपालन में, कृषि विभाग गरियाबंद द्वारा जिले के विभिन्न कृषि आदान विक्रेताओं और सहकारी समितियों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित दर पर केवल अधिकृत विक्रेता से ही बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक खरीदें और खरीदी गई सामग्री का पक्का बिल अवश्य लें। यदि कोई बीज या उर्वरक विक्रेता निर्धारित दर से अधिक कीमत पर बिक्री करता है, तो इसकी सूचना वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अथवा उप संचालक कृषि कार्यालय को देने का आग्रह किया गया है।

### किसानों के लिए लाभकारी विकल्प उर्वरक

कृषि विभाग ने किसानों को इन वैकल्पिक उर्वरकों का उपयोग कर अधिक उपज प्राप्त करने की सलाह दी है। एनपीके 20:20:0:13 यह अमोनियम फास्फेट सल्फेट उर्वरक है जिसमें 20% नाइट्रोजन, 20% फास्फोरस और 13% सल्फर होता है। सल्फर की उपस्थिति फसलों में क्लोरोफिल और प्रोटीन के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाती है।

सिंगल सुपर फॉस्फेट, इसमें 16% स्फूर के साथ-साथ 11% सल्फर और 19-21% कैल्शियम होता है। यह मृदा अम्लीयता को सुधारता है, फसलों की जड़ों का विकास करता है और पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ाता है।

# बाइक में घुसा नाग राज, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर



जिले के वनांचल क्षेत्र में बारिश प्रारंभ होते ही जहरीले जीव- जंतुओं के साथ सर्प का प्रकोप बढ़ गया है। इन दिनों गांवों में लोगों के घरों में लगातार जहरीले सर्प घुसने की जानकारी मिल रही है। मैनपुर क्षेत्र में कई लोग जहरीले सर्प को सुरक्षित पकड़कर जंगल में छोड़ने में माहीर है लेकिन आज मैनपुर क्षेत्र के सिकासार जलाशय में उस समय चीख पुकार मच गई जब एक विशाल नागराज मोटर साइकिल प्लेटिना के अंदर घुस गया और जैसे ही मोटर साइकिल सवार पति पत्नि और उनके बच्चे मोटर साइकिल में वापस आने के लिए मोटर साइकिल स्टार्ट किया एंडीगेटर के सामने नागराज फन फैलाकर फुंकार उठा तो मोटर साइकिल में सवार लोग मोटर साइकिल से कूदकर जान बचाई और चीख पुकार को सुनकर भारी भीड़ लग गई तथा सांप पकड़ने वाला एक ग्रामीण के आने के बाद नागराज को मोटर साइकिल से एक घंटे के कड़ी मेहनत के बाद मोटर साइकिल से बाहर निकाला गया तब कही जाकर मोटर साइकिल सवार को राहत मिला। मिली जानकारी के अनुसार बारिश प्रारंभ होते ही क्षेत्र के पर्यटन स्थलो में भीड़ लगना प्रारंभ हो गया है दूर –दूर से लोग पर्यटन स्थल पहुंच रहे है।

### बारिश में सावधानी बरतने की जरूरत

बारिश प्रारंभ होते ही मैनपुर वनांचल क्षेत्र में जहरीले सर्प का निकलना और दिखाई देना आम बात है इसलिए वाहन चलाने से पहले और जूता पहनने से पहले लोगो को सावधानी बरतने की जरूरत है क्योकि दो वर्श पहले जूता के भीतर एक जहरीले सर्प घुस जाने और जूता पहन लेने से उसके काटने से एक ग्रामीण की मौत हो चुकी है और तो और स्वामी आत्मानंद स्कूल में पढ़ाई करने वाले के छात्र के स्कूली बैग से भी सर्प निकला था।

# नवापारा-राजिम में सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

भारत सरकार केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा 1 जुलाई से 31 जुलाई तक स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता के क्रियान्वयन के लिए सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान 2025 का आव्हान किया गया है। इस अभियान का सफल क्रियान्वयन एवं नगर को स्वच्छ बनाने और बीमारी को दूर करने, अभियान का शुभारंभ नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष ओमकुमारी- संजय साहू ,उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस कार्यक्रम के तहत स्वच्छता मित्र,स्वच्छता दीदियों, नगर पालिका अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा नगर में स्वच्छता रैली निकाल कर लोगों से नगर, घरों,कार्य स्थल,सभी सार्वजनिक क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। हरिहर विद्यालय के विद्यार्थियों को विद्यालय ,नगर एवं घरों में स्वच्छता बनाए रखने शपथ दिलाई गई। स्वच्छता अभियान को जन जन तक पहुंचाने के लिए पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, सीएमओ प्रदीप मिश्रा, उपअभियंता शिव गर्ग, संजय साहू, स्वच्छता निरीक्षक वीरेंद्र वर्मा, जिला समन्वयक दिनेश साहू, हरिहर स्कूल प्राचार्य शामिल थे।

### बिंद्रावन स्कूल में मतदान प्रक्रिया से बाल कैबिनेट का गठन

**नर्रा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बिंद्रावन में सत्र 2025-26 के लिए बाल कैबिनेट का गठन किया गया। जिसमें बाल संसद के विभिन्न पदों पर निर्वाचन प्रक्रिया के तहत पदाधिकारियों का गठन किया गया। निर्वाचन के लिए प्रचार एवं मतदान दोनों प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिए शाला के शिक्षक रामप्रसाद साहू ने अहम भूमिका निभाई। इससे साहू ने सभी पदों पर पूर्व में जानकारी देकर आवश्यक तैयारी करने का दिशा निर्देश एक दिन पूर्व ही दिया गया।

निर्वाचन दिवस में सभी उम्मीदवारों ने चुनाव प्रचार कर वोट मांगा एवं शाला के सभी उपस्थित विद्यार्थियों ने मतदान प्रक्रिया में भाग लेकर बाल संसद के प्रमुख 8 पदों पर आवश्यक जानकारी दी गई। इको क्लब से संबंधित कार्यों को भी बच्चों को समझाइश दी गई। इसके बाद पदाधिकारियों का उनके कार्य महत्त्व एवं जिम्मेदारियों को विस्तार से बताया गया। बाल संसद के प्रधानमंत्री पद पर कक्षा आठवीं से डिगेश्वरी पांड़े निर्वाचित हुई।

# तेंदूपत्ता संग्राहकों के सम्मान में चरण पादुका वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला



लघु वनोपज सहकारी समिति रसेला द्वारा ग्राम कुडेरादादर में तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका वितरण किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता झवर अग्रवाल, नारायण सिंह ठाकुर, सरपंच तुलेश्वर ध्रुव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा वनवासियों और तेंदूपत्ता संग्राहक भाइयों बहनों के जीवन स्तर को सशक्त और सुरक्षित बनाने के लिए निरंतर प्रयास है, चरण पादुका योजना उन परिश्रमी हाथों के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है,जो कठिन परिस्थितियों में वनोपज संग्रहण का कार्य करते हैं। कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों का राज्य की अर्थव्यवस्था, वनोपज आधारित रोजगार और स्थानीय समृद्धि में अमूल्य योगदान है। उनकी मेहनत से ही छत्तीसगढ़ की वनोपज परंपरा जीवंत बनी हुई है और लाखों परिवारों को आजीविका का सहारा मिलता है। चरण पादुका योजना हमारे सरकार के संकल्प पत्र, मोदी की गारंटी का महत्वपूर्ण वादा था। यह योजना केवल चरण पादुका वितरण भर नहीं, बल्कि तेंदूपत्ता संग्राहकों के श्रम और स्वाभिमान का सम्मान है। इस योजना के माध्यम से हम तेंदूपत्ता संग्राहकों के उस परिश्रम को नमन कर रहे हैं। जो जंगलों की पगडंडियों से होकर प्रदेश की समृद्धि तक पहुचता है। सरकार उनके हर सुख दुख में सहभागी है और उनके जीवन में गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है। रसेला लघु वनोपज सहकारी समिति के अंतर्गत रसेला, आमापारा, कुडेरादादर, सुरगपानी, फूलबाहरा, मेडकीडबरी ग्रामों को चरण पादुका वितरण किया जाना है। इस मौके पर संग्राहक शिरवा बाई, टेमीन, लता, हेमीन परमिला, कामनी बाई, यशोदा, पुनिया, कुमारी, कृष्णा साहू, रूपसिग, पंचराम, नरोत्तम, भेखलाल अर्जुन, रामू, प्रबंधक केशव यादव, फडमुशी नरेंद्र नायक, गौतम ओटी सहित तेंदूपत्ता संग्राहक महिला उपस्थित थे।



### बढईपारा स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव

**नवापारा-राजिम।** शहर के शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला, नवीन पूर्व माध्यमिक शाला और प्राथमिक शाला में संयुक्त रूप से शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू ,विधायक प्रतिनिधि संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, सभापति पूजा कंसारी, पार्षद हेमंत साहनी, शाला विकास समिति अध्यक्ष चतुर सिंह जगत, उपाध्यक्ष रोहित सेन ,सदस्य ममता सेन्द्रे, सरोज कंसारी ने बच्चों का स्वागत गुलाल लगाकर व पुस्तक गणवेश वितरण कर किया। नवप्रवेशी बच्चों का मुंह मीठा खीर, पुड़ी एवं चॉकलेट से किया गया। एक पेड़ मां के नाम लगाया गया। संचालन मंजू देवांगन ने किया।

# रैंप योजना के तहत जिले में आयोजित हुआ इंडस्ट्री एवं बैंकर्स मीट कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद



जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के सहयोग से रैम्प योजना अंतर्गत जिला पंचायत सभाकक्ष, गरियाबंद में "इंडस्ट्री एवं बैंकर्स मीट तथा औद्योगिक नीति 2024-30 व पीएमएफएमई की जागरूकता कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधियों, पीएमएफएमई व पीएमईजीपी योजना के लाभार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में गरियाबंद जिले के प्रमुख बैंकों जैसे भारतीय स्टेट बैंक, कैनरा बैंक, यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया, बैंक ऑफ़ बडौदा सहित अन्य बैंकों के अधिकारियों ने भाग लेकर उपस्थित उद्यमियों को विभिन्न वित्तीय योजनाओं, ऋण सुविधाओं, मुद्रा योजना, सीजीटीएमएसई योजना और रैम्प योजना के लाभों की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को बैंक अधिकारियों के साथ प्रत्यक्ष संवाद का अवसर मिला। उपस्थित उद्यमियों ने अपने व्यापार से जुड़ी समस्याओं को साझा किया, जिन पर बैंक अधिकारियों द्वारा समाधान और मार्गदर्शन प्रदान किया। उद्योग संचालनालय के उप संचालक श्री ऋतुराज ताम्रकार के द्वारा रैम्प योजना के उद्देश्य तथा क्रियान्वयन के बारे में जानकारी प्रदान की। इसके पश्चात राज्य की नवीन औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के लक्ष्य, प्रावधानों सहित विभिन्न अनुदान, छुट एवं रियायतों की विस्तृत जानकारी उदहारण के माध्यम से दी गयी। उपस्थित उद्यमियों के प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी समस्याओं का निराकरण किया गया।

जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम एमएसएमई सेक्टर को सशक्त करने की दिशा में अहम भूमिका निभाते हैं और भविष्य में ऐसे और भी संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर जिले के अग्रणी जिला प्रबंधक बैंक ऑफ़ बडौदा, अंत्यावसायी विकास निगम के अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि, उद्योग विभाग के प्रबंधक/सहायक प्रबंधक, स्थानीय उद्यमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद प्रस्ताव के साथ किया गया।

**जनजातीय परिवारों को विभिन्न योजनाओं से किया गया**

# सढ़ौली और मरौदा में धरती आबा जनजातीय शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जिले के 187 ग्राम पंचायतों के 334 ग्राम बसाहटों में विशेष लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया गया। इसी तारतम्य में विकासखण्ड गरियाबंद के ग्राम सढ़ौली एवं मरौदा में धरती आबा जनजातीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनजातीय परिवार के लोगों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में शासकीय योजनाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं उनके लाभ लेने के लिए पात्रता की भी जानकारी विशेष रूप से दी गई। इनमें हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, नया राशन कार्ड, आधार कार्ड, प्रधानमंत्री जनधन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, जीवन ज्योति बीमा योजना, वन धन योजना, सामाजिक पेंशन प्रदान किया गया। इसी तरह हितग्राहियों को वृद्धावस्था पेंशन की स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही पशु पालन विभाग के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविरों में उपस्थित जनजातीय समाज के लोगों द्वारा शासन के विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया। संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण के उपरांत सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया। स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों के द्वारा ग्रामीणों का सिकलसेल एवं एनीमिया जाँच भी किया गया।

### विभिन्न सेवाओं का लाभ भी प्रदान किया

उल्लेखनीय है कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जिले के सभी विकासखण्डों के अलग-अलग स्थानों में लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन पिछले पखवाड़े में किया गया। शिविरों में जनजातीय परिवार के हितग्राहियों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करते हुए उन्हें विभिन्न सेवाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। शिविर में प्रचार रथ के माध्यम से जनजातीय समाज के लोगों को उनके लिए संचालित शासन के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ ही उन्हें जनकल्याणकारी योजनाओं की लाभ लेने की अपील भी की गई। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान होने से जनजातीय समाज के लोगों के विभिन्न मांगों एवं समस्याओं के निराकरण स्थल पर होने से जनजातीय समाज के लोगों में खुशहाली के नये द्वार खुल रहे है।



# परसदा में मना शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम



ग्राम परसदा के शासकीय प्राथमिक शाला, नवीन प्राथमिक शाला,पूर्व माध्यमिक शाला एवं हायर सेकेंडरी स्कूल का संयुक्त शाला प्रवेशोत्सव के मुख्य अतिथि सरपंच रमेश वर्मा थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर किया गया। मुख्य अतिथि ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर प्रवेश दिलाया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि सभी बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार की बहुत ही जरूरत है। शिक्षा और संस्कार हमारे जीवन का महत्वपूर्ण पहलू है जिसे समझकर हम सबको चलना है। कहा कि सभी बच्चे नियमित रूप से शाला आकर मन से पढ़ाई करें और अच्छे अंको से उत्तीर्ण होकर घर, परिवार एवं शाला का नाम रोशन करें। उन्होने शाला में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने की बात कही। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष टिकेश्वर टीकू यादव, मिडिल स्कूल अध्यक्ष राजेश साहू, संतराम बारले, बेनीराम निर्मलकर, राम खिलवारे, प्रेम कुटियारे, आसाराम साहू, मोहन साहू ,ओमकार यादव,तेजराम साहू,प्राचार्य, प्रधान पाठक, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप




### लाभेश को मिला छत्तीसगढ़ यंग साइंटिस्ट अवार्ड

**नवापारा-राजिम।** शहर के युवा लाभेश जैन को भौतिकी विषय में उत्कृष्ट शोध के लिए छत्तीसगढ़ यंग साइंटिस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार उन्हें 20वीं छत्तीसगढ़ यंग साइंटिस्ट में प्रदान किया गया, जो अंबिकापुर में आयोजित की गई थी। उनके शोध का विषय था /"गोलाकार एवं पुष्प आकृति वाले सेमीकंडक्टर नैनोस्ट्रक्चर का ऑप्टिकल एवं प्रदूषण अपघटन में उपयोग/"। यह शोध उन्होंने एनआईटी रायपुर के भौतिकी विभाग में किया। लाभेश जैन, खिसोरा वाले देवीचंद बाफना के पोता ,चंद्रकुमार-बबिता के सुपुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि पर श्वेतांबर जैन समाज के अध्यक्ष शिखर बाफना ,अजय कोचर ,आशीष टाटिया ,राजकुमार बोथरा ,अभिषेक दुग्गड़, सकल जैन समाज एवं दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अखिलेश जैन, डॉ राजेंद्र गदिया ने बधाई दी है।

### विवेकानंद की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत देश के गुरु एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत का संदेश देने वाले स्वामी विवेकानंद पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान मितानिन कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर दामिनी चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, जिगर चंद्राकर, कौशल्या चंद्राकर ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा थे। और युवाओं को आत्मविश्वास और सांस्कृतिक गर्व का संदेश दिय था। स्वामी ने आज भी लोगों को प्रेरित करते है।

### नपाध्यक्ष की नाराजगी के बाद चौड़ीकरण के लिए खोदे गड्ढों को किया गया समतल



**महासमुंद।** बीटीआई मार्ग चौड़ीकरण कार्य में अनावश्यक विलंब तथा लापरवाही को लेकर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता से मुलाकात कर कार्य में गति लाने तथा गड्ढों के समतलीकरण करने की बात कही थी। वहीं कार्य में अनियमितता का आरोप लगाते हुए नाराजगी व्यक्त की थी। जिसके बाद शुक्रवार को विभाग द्वारा पुनः कार्य प्रारंभ कर गड्ढों की भराई व समतली करण कार्य किया गया। जिसका निरीक्षण करने नपाध्यक्ष साहू कार्य स्थल पर पहुंचे। उन्होंने कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। साहू ने कहा कि सार्वजनिक शिकायत के बाद पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता से संपर्क किया गया था। जिसके पश्चात तत्काल गड्ढों की भराई कराई गई।

**आयोजन : बोरसी स्कूल में प्रवेशोत्सव का शानदार आयोजन, नवप्रवेशित छात्रों का स्वागत**

# पढ़ाई के साथ अनुशासन जरूरी : बोधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरसी में नए शिक्षा सत्र का शुभारम्भ धूमधाम से 'प्रवेशोत्सव' के साथ हुआ। इस अवसर पर नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने बच्चों को किताबें और गणवेश बांटे, वहीं छात्राओं को साइकिलें भी प्रदान की गईं। साथ ही, विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के तैल्य चित्र पर अतिथियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। विद्यालय की प्राचार्य, सोनाली पवार ने स्वागत भाषण देते हुए विद्यालय की पिछली उपलब्धियों और विशेष गतिविधियों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि, जनपद पंचायत फिंगेश्वर की सभापति मंजू दिनेश साहू ने विद्यालय में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जल शुद्धिकरण यंत्र प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार ग्रहण करने पर भी जोर दिया। शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बोधन राम साहू ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ अनुशासन के महत्व पर भी ध्यान देने की सलाह दी। ग्राम पंचायत बोरसी की सरपंच सती अनुसुइया साहू ने पिछले शिक्षा सत्र के बेहतर परिणामों के लिए शाला परिवार को शुभकामनाएँ दीं और विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों के लिए 'न्योता भोज' का भी आयोजन किया और पिछले सत्र में जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली पांच छात्राओं को सम्मानित किया। सुखेन साहू ने 1100 रुपये, जबकि बोधन राम साहू, पाल राम साहू (सेवानिवृत्त आयकर अधिकारी) और प्रह्लाद सोनकर ने 500-500 रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और नवप्रवेशितों का स्वागत

'प्रवेशोत्सव' के दौरान विद्यार्थियों द्वारा 'स्कूल चले हम' की थीम पर मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। उद्बोधन के बाद, अतिथियों ने कक्षा नौवीं और छठी के नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया और उन्हें शाला गणवेश तथा पुस्तकें वितरित कीं। साथ ही, सरस्वती निःशुल्क साइकिल योजना के तहत नौवीं कक्षा की छात्राओं को साइकिलें भी सौंपी गईं।



### बाल कैबिनेट चुनाव और नेतृत्व विकास

विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक ओमप्रकाश यदु ने बाल कैबिनेट के गठन और उसके उद्देश्यों के बारे में बताया। छात्रों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए **इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (मोबाइल ऐप) के माध्यम से छात्र और छात्रा प्रतिनिधि का चुनाव कराया गया। इस चुनाव में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के कुल 303 विद्यार्थियों ने मतदान किया। चुनाव के नतीजे इस प्रकार रहे। छात्र प्रमुख लक्ष्मीकांत सेन छात्रा प्रतिनिधि मिका साहू।

### पुस्तकालय का अनावरण और कार्यक्रम का समापन

मुख्य अतिथि मंजू दिनेश साहू ने विद्यालय में नए पुस्तकालय का अनावरण किया। बाल कैबिनेट के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को संस्था प्रमुख द्वारा विधिवत शपथ दिलाई गई और उन्हें उनके दायित्व सौंपे गए। कार्यक्रम का समापन विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण के साथ हुआ, जिसमें ओमप्रकाश यदु, मदन लाल रात्रे, धरम चंद साहू, संध्या मंडल, युगल किशोर साहू, प्राची ठाकुर, प्रियंका श्रीवास, जयंत साहू, संतलाल कुर्रे, सेवन लाल यादव, चितेश्वर साहू, ओमप्रकाश सेन सहित कई शिक्षकों और छात्र-छात्राओं का सक्रिय सहयोग रहा।

# छुरा छात्रावास सीटों व नर्तक दल अनुदान के लिए मंत्री नेताम से मिले प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

जिले के एक प्रतिनिधिमंडल ने नवा रायपुर स्थित निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग के मंत्री रामविचार नेताम से सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमंडल में जिला पंचायत गरियाबंद के कृषि स्थायी समिति के सभापति लेखराज ध्रुवा, छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज गरियाबंद के जिला सचिव शीतल ध्रुव, छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के जिला मीडिया प्रभारी पुनितराम ठाकुर, और छात्रा प्रतिनिधि कुमारी चांदनी ठाकुर शामिल थे। उन्होंने मंत्री नेताम का गुलदस्ता और गमछा भेंटकर आत्मीय स्वागत किया।

**मंत्री का सकारात्मक आश्वासन-** मंत्री रामविचार नेताम ने प्रतिनिधिमंडल की सभी बातों को गंभीरता से सुना और प्रस्तुत आवेदन को सहजता से स्वीकार किया। उन्होंने आवश्यक प्रक्रिया के तहत सीट वृद्धि और स्वेच्छानुदान मद से राशि प्रदान करने के लिए सकारात्मक आश्वासन दिया, जिससे प्रतिनिधिमंडल में खुशी का माहौल रहा।



### प्रमुख मांगें

1. छात्रावासों में सीट वृद्धि - छुरा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले बालक छात्रावास दुल्ला, पोस्ट मैट्रिक कन्या व बालक छात्रावास, और प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास छुरा में सीटों की संख्या बढ़ाने के संबंध में एक आवेदन सौंपा गया। यह मांग क्षेत्र में विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या और उन्हें मिलने वाली आवास सुविधाओं की कमी को ध्यान में रखते हुए की गई है।
2. नर्तक दलों के लिए प्रोत्साहन राशि- प्रतिनिधिमंडल ने आदिवासी विकासखंड छुरा के विभिन्न सामाजिक आयोजनों में भाग लेने वाले नर्तक दलों को प्रोत्साहन स्वरूप 25 हजार की राशि स्वेच्छानुदान मद से प्रदान करने की मांग की। मांग पत्र में बताया गया कि छुरा एक आदिवासी बहुल विकासखंड है, जहाँ सामाजिक-सांस्कृतिक पर्वों और महापुरुषों की जयंती के अवसर पर आदिवासी नर्तक दल पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य प्रस्तुत करते हैं। इन दलों को अपनी सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखने और प्रोत्साहित करने के लिए संरक्षण व वित्तीय सहायता की आवश्यकता है।

### सीएम साय से यादव समाज के प्रतिनिधि मंडल ने की मुलाकात...



**नवापारा-राजिम।** बुधवार की शाम यादव समाज का एक प्रतिनिधि मंडल सीएम विष्णुदेव साय से मिला। प्रतिनिधि मंडल में विधायक गजेंद्र यादव, महापौर मधुसूदन यादव ,प्रदेश अध्यक्ष यादव समाज गुलेंन्द यादव ,प्रदेश उपाध्यक्ष रामा यादव, देवेंद्र यादव युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष, परमानन्द यादव ,माधव यादव ,अशोक यादव ,ठाकुर राम यादव ,जयंत यादव ,नवीन यदु ,बसंत यदु शामिल थे। इस संबंध में रामा यादव ने बताया कि समाज की प्रमुख मांग जिसमें मंत्री मण्डल एवं आयोग, निगम मण्डल में यादव समाज को सरकार में भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु ध्यान आकर्षित किया गया था। सीएम श्री साय ने यादव समाज, को सरकार में समयोचित भागीदारी सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया है।

# करकरा का पटेल परिवार चार साल से बेघर पीएम आवास व अन्य योजनाओं से वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव (कोरासी)



जनपद पंचायत छुरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत करकरा में एक पटेल परिवार पिछले चार-पांच सालों से बेघर है। उनका घर टूट चुका है और उन्हें अब तक न तो कोई सरकारी मदद मिली है और न ही वे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ ले पाए हैं। यह परिवार आज भी खुले आसमान के नीचे या पड़ोसियों के घरों में रहने को मजबूर है। समाजसेवी मनोज, जो इस परिवार की समस्या को लेकर जनपद पंचायत छुरा पहुंचे थे, ने बताया कि वहां के कर्मचारी अधिकारियों ने डुप्लीकेट जॉब कार्ड को समस्या का कारण बताया। यह भी जानकारी दी गई कि यह समस्या पूरे गांव में है और इसे सुधारने के लिए भेजा गया है। लेकिन इसका खामियाजा पीड़ित परिवार भुगत रहा है।

**परिवार की पीड़ा और चुनौतियां-** पीड़ित परिवार में पिता स्वर्गीय दादूराम पटेल को डेढ़ साल पहले ही खो चुके हैं। परिवार में 55 वर्षीय सेवती बाई पटेल, उनके बेटे लीलाधर (28 वर्ष) और रेस कुमार (20 वर्ष) हैं। सेवती बाई पटेल ने बताया कि उनके पति के नाम पर आवास आया था, लेकिन उन्हें नहीं मिल पाया। उन्होंने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि **सरकार की कई योजनाएं आज भी उन जैसे गरीबों तक नहीं पहुंच पाई हैं।** पति के चले जाने के बाद दो बेटों की जिम्मेदारी उन पर है, और **खुद का घर न होने के कारण बेटों की शादी कर पाना भी मुश्किल हो चुका है। बेटे लीलाधर पटेल ने बताया कि वे कम पढ़े-लिखे हैं और मजदूरी कर जीवन-यापन कर रहे हैं। उनके पास कोई जमीन भी नहीं है और उन्हें भूमिहीन योजना का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वे बहुत सी योजनाओं का लाभ लेने का प्रयास करते हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा गरीबों से गोलमाल बातें की जाती हैं। समाजसेवी मनोज ने केंद्र और राज्य सरकार से इस पीड़ित पटेल परिवार की तत्काल मदद करने की अपील की है, ताकि उन्हें जल्द से जल्द एक छत मिल सके और वे सम्मानजनक जीवन जी सकें।

# सिंचाई का अभाव और खाद की किल्लत बनी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

रसेला क्षेत्र के किसानों की परेशानियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। दशकों का अनुभव यह बताता है कि राजनीतिक दल किसानों के नाम पर केवल अपने स्वार्थ साधते आए हैं, जबकि उनकी मूलभूत समस्याओं से किसी को कोई सरोकार नहीं है। सिंचाई सुविधाओं का घोर अभाव और प्रकृति की मार हर साल किसानों को झेलनी पड़ती है। वर्तमान में क्षेत्र में प्रतिदिन बारिश हो रही है, लेकिन यह केवल फुहारों जैसी है। इस अपर्याप्त बारिश ने किसानों को गहरे संकट में डाल दिया है। फुहारों जैसी बारिश के कारण किसान न तो /"मताई पद्धति/" से बुवाई कर पा रहे हैं और न ही खेत को रोपा लगाने के लिए पर्याप्त पानी मिल रहा है। नतीजतन, केवल साधन संपन्न किसान ही धान की रोपाई कर पा रहे हैं। जिन किसानों के पास आवश्यक साधन नहीं हैं, वे अच्छी और पर्याप्त बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सावन माह शुरू होने में अब सिर्फ एक सप्ताह शेष है, लेकिन क्षेत्र के नदी-नालों में अभी तक पानी की पर्याप्त धार दिखाई नहीं दे रही है। अपेक्षित बारिश न होने से मानसून की बेरुखी साफ नजर आ रही है। पर्याप्त जलप्रवाह न होने के कारण नदियाँ, नाले और तालाब अभी तक पूरी तरह से भर नहीं पाए हैं, जो धान की खेती के लिए अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यह पूरी तरह से बारिश पर निर्भर है।

■ फुव्वारे जैसे बारिश से किसान नहीं कर पा रहे बुआई

### आपूर्ति नहीं हो पा रही

इस संबंध में प्रभारी प्रबंधक पंकज कुमार यादव ने बताया कि डबल लॉक में डीएपी खाद उपलब्ध नहीं होने के कारण इसकी आपूर्ति नहीं हो पा रही है। उन्होंने आगे बताया कि सोसायटी में वर्तमान में यूरिया, सुपरफॉस्फेट और पोटाश खाद उपलब्ध है। किसानों का कहना है कि जब तक सरकार उनकी बुनियादी समस्याओं, विशेषकर सिंचाई और खाद की उपलब्धता पर गंभीरता से ध्यान नहीं देती, तब तक उनकी दुश्वारियां शायद कभी समाप्त नहीं होंगी।

### डीएपी की अनुपलब्धता से हाहाकार

एक तरफ जहां किसान सिंचाई के लिए तरस रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उन्हें अपनी आवश्यकता के अनुरूप डीएपी खाद नहीं मिलने से भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस वर्ष भी शासन के तमाम उपलब्धता के दावे खोखले साबित हुए हैं। क्षेत्र में स्थित सोसायटियों में डीएपी खाद की आपूर्ति आवश्यकता के अनुरूप नहीं हो रही है। इस मजबूरी का फायदा उठाकर दुकानदारों से किसानों को अधिक दरों पर खाद की व्यवस्था करनी पड़ रही है। जैसे-जैसे खेती का कार्य जोर पकड़ रहा है, डीएपी खाद की उपलब्धता और भी कम होती जा रही है। यह पहली बार नहीं है जब किसान खाद को लेकर परेशान हैं। शासन बड़े-बड़े लक्ष्य और दावे करता है, लेकिन धरातल पर किसानों को मांग अनुरूप न तो खाद मिलती है और न ही प्रमाणित बीज। ऐसे में दुनिया को अनाज उपलब्ध कराने वाला /"भूमि पुत्र/" हर वर्ष शासन की इस लचर व्यवस्था से परेशान रहता है। शासन को इस गंभीर समस्या पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।




# ई-ऑफिस प्रणाली पर अधिकारी कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद



### कलेक्टर के निर्देश पर डीआईओ निराला ने दिया प्रशिक्षण

जिले में ई-ऑफिस प्रणाली के सुगम संचालन को ध्यान में रखते हुए संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में शुक्रवार को प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को ई-ऑफिस संचालन को सरकारी कार्यालयों के दस्तावेजों को पेपरलैस करने पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस प्रशिक्षण शिविर में जिला के विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारियों ने भाग लिया। कलेक्टर बी.एस. उइके ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जिला कार्यालयों में आगामी समय में ई-ऑफिस प्रणाली लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले में ई ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय कार्यालयों के अधिकारियों,-कर्मचारियों को ई-कार्यालय प्रणाली का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसे अधिकारी-कर्मचारी गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करें। प्रशिक्षण में एनआईसी के उप निदेशक नेहरू निराला एवं ई-जिला प्रबंधक श्री मिथलेश देवांगन ने अधिकारियों-कर्मचारियों को ई-ऑफिस प्रणाली के तहत विभिन्न प्लेटफार्म के विभिन्न कार्यों तथा उनके उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में ई-ऑफिस का परिचय एवं उपयोग, दस्तावेज़ तैयार करना, अनुमोदन प्रक्रिया, रिपोर्टिंग एवं फाइल ट्रैकिंग, सुरक्षा उपाय एवं गोपनीयता आदि के बारे में विस्तार से बताया गया।

**छुरा नगर पंचायत परिषद की बैठक के प्रमुख एजेंडे और निर्णय**

# अवैध निर्माण पर तत्काल लगे रोक : विधायक रोहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

विधायक रोहित साहू के विशेष आतिथ्य में गुरुवार को नगर पंचायत छुरा परिषद की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में नगर के विकास और समस्याओं से जुड़े विभिन्न एजेंडों पर गहन विचार-विमर्श किया गया और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। विधायक रोहित साहू ने इस अवसर पर अध्यक्ष और सभी पार्षदों से जनता के बीच जाकर कार्य करने और अवैध निर्माण पर तत्काल रोक लगाने का आह्वान किया। शीतला मंदिर प्रांगण में टीन/डोम शेड निर्माण अध्यक्ष निधि (वित्तीय वर्ष 2025-26) से 12 लाख रुपये की लागत से शीतला मंदिर प्रांगण में टीन शेड/डोम शेड के निर्माण पर विचार और निर्णय लिया गया। मंगल भवन का हस्तांतरण, वार्ड क्रमांक-04 स्थित जनपद पंचायत छुरा के अधीन मंगल भवन को नगर पंचायत के अधीन हस्तांतरित कराने पर विचार और सहमति बनी। नवीन नगर पंचायत कार्यालय भवन, रावनभाठा में नवीन नगर पंचायत छुरा कार्यालय भवन के निर्माण के संबंध में विचार कर निर्णय लिया गया। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद, उपाध्यक्ष समीम खान, सभापति चित्ररेखा ध्रुव, भोलेशंकर जायसवाल, रजनी लहरे, गरिमा ध्रुव उपस्थित रहे। पार्षदों में हरीश यादव, रामजी दीवान, शांतनु देवांगन, देवीसिंह नेताम, यामीन ट्रांसजेंडर, पंचराम टंडन, दीप्ति यादव, संगीता दीक्षित, सलीम मेमन शामिल थे। इसके अतिरिक्त, प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं लेखापाल जितेंद्र पाटकर, सहायक राजस्व निरीक्षक रामाधार यादव और कैशियर वीरेंद्र ठाकुर भी बैठक में उपस्थित रहे। इस बैठक को छुरा नगर के भविष्य के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### प्रमुख निर्णय

- सीसीटीवी कैमरा स्थापना- नगर पंचायत छुरा क्षेत्र के अंतर्गत सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने पर विचार और निर्णय लिया गया, जिससे सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो सके।
- बाजार परिसर में तलघर पार्किंग/व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स- बाजार परिसर में तलघर पार्किंग और व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स के निर्माण पर विचार-विमर्श किया गया।
- जोबा तालाब सौंदर्यीकरण- जोबा तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य के संबंध में भी विचार और निर्णय लिया गया।
- चिकन मार्केट का स्थानांतरण- चिकन मार्केट को अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने के संबंध में विचार और निर्णय लिया गया।
- राजस्व क्षेत्र का समायोजन- नगर पंचायत छुरा सीमा क्षेत्र में सम्मिलित राजस्व क्षेत्र प.ह.न. 25, पंडरीपानी को प.ह.नं. 24 छुरा में शामिल करने के संबंध में विचार कर निर्णय लिया गया।
- अवैध निर्माण पर रोक- निकाय क्षेत्र अंतर्गत अवैध निर्माण पर प्रभावी रोक लगाने के संबंध में विचार और आवश्यक कदम उठाने पर सहमति बनी।
- भवन नामांतरण आवेदन- भवन नामांतरण के लिए प्राप्त आवेदनों पर विचार कर निर्णय लिया गया।
- ठोस अपशिष्ट प्रबंधन- मणिकंचन केंद्र के समीप खसरा नंबर 271 के रिक्त शासकीय भूमि को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्य के उपयोग हेतु सीमांकन कर भवन निर्माण पर विचार और निर्णय लिया गया।
- जाति उद्घोषणा आवेदन- जाति उद्घोषणा हेतु प्राप्त आवेदनों के संबंध में विचार कर निर्णय लिया गया।



